# उद्योगपति फूड प्रॉसेसिंग में करें निवेश

## केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा- भयमुक्त रहें, यूपी में इस क्षेत्र में असीम सम्भावनाएं

**1** क्रिएटिंग वाइब्रेंट फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर विषय पर हुई कॉन्फ्रेंस

**2** कहा, खाद्य प्रयोगशालाएं बनाने को प्रयासरत

**3** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में ब्रांडिंग करने की दी सलाह

**वाराणसी, संवाददाता।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने उद्योगपतियों से भयमुक्त होकर फूड प्रॉसेसिंग में निवेश का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार उनके लिए अनेक योजनाएं लेकर आई है। यूपी में फूड प्रॉसेसिंग की असीम सम्भावनाएं हैं।

प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार सुबह कैंटोंमेंट स्थित एक होटल में 'क्रिएटिंग वाइब्रेंट फूड प्रोसेसिंग सेक्टर' विषय पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसका आयोजन एसोचैम की ओर से किया गया था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ब्रांड मार्केटिंग के लिए धन देने को तैयार है। उत्पाद की गुणवत्ता और स्वच्छता की गारंटी के लिए खाद्य प्रयोगशालाएं सुलभ होनी चाहिए ताकि रिपोर्ट दो दिन में मिल जाए। सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है। बोले, भारतीय उद्योगों को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपनी ब्रांडिंग करनी चाहिये। बाहर की कंपनियां भारत में अपना ब्रांड चलाती हैं लेकिन कोई भारतीय कम्पनी फिलहाल ऐसा नहीं कर पाई है।

**मोटे अनाज में भी प्रॉसेसिंग पर जोर :** केंद्रीय मंत्री का मोटे अनाज के क्षेत्र में प्रॉसेसिंग उद्योग को बढ़ावा देने पर जोर रहा। उन्होंने कहा कि दुनिया का 40 फीसदी मोटा अनाज भारत में होता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष भी घोषित किया है। दुनिया में मोटे अनाज के नए उत्पादों की मांग बढ़ रही है।




**अपील** कैंटोंमेंट स्थित एक होटल में उद्यमियों से फूड प्रॉसेसिंग क्षेत्र में निवेश का आह्वान करते केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल। इस दौरान उद्योग जगत के लोग साथ रहे। • हिन्दुस्तान

### एजेंसियों से न डरें, गुणवत्ता कायम रखें

प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि अगर कच्चा माल प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है व आपूर्ति शृंखला मजबूत है तो इससे उद्योग को मजबूती मिलेगी। उद्यमियों को सरकारी एजेंसियों से भयमुक्त होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उत्पाद की गुणवत्ता का मानदंड तय करने की जरूरत है।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का नेतृत्व करे यूपी

डीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश के कई अवसर उपलब्ध कराता है। एसोचैम के एफएमसीजी परिषद के सह-अध्यक्ष सीके शर्मा ने कहा कि यूपी को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका में लाकर आर्थिक लिहाज से मजबूत बनाया जा सकता है। एपीडा के डिप्टी जीएम डॉ. सीबी सिंह, राजेश तिवारी, सूरज नागिया व आरके चौधरी ने बढ़ावा देने के सुझाव दिए।

Scanned with CamScanner